# मिस्टर इंडिया बनकर एमएस धोनी से मिलना चाहते हैं युजवेंद्र चहल




चहल ने धोनी की यह तस्वीर शेयर कर लिखी यह बात...

चहल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धोनी के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए यह भी लिखा, दिग्गज द्वारा विकेट के पीछे से तिल्ली पुकारे जाने को भी मिस कर रहा हूं। चहल ने कहा, श्एक बार फ्लाइट शुरू हो जाएं और रांची पहुंच जाऊं फिर मैं उनके फैन्स के लिए 24 घंटे अपना इंस्टाग्राम अकाउंट ओपन रखूंगा।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते देश भर में बीते 40 दिन से ज्यादा समय से लॉकडाउन जारी है। देश में किसी की भी घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं है इस बीच टीम इंडिया के युवा लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भारतीय टीम के सीनियर विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी को खूब मिस कर रहे हैं। चहल से जब पूछा गया कि अगर उन्हें गायब होने की कोई तरकीब मिल जाए तो वह क्या करेंगे। तब इस फिरकी गेंदबाज ने फिरकी लेते हुए कहा कि तब तो मैं सीधा रांची जाऊंगा– माही (एमएस धोनी) भाई से मिलने। युजवेंद्र चहल इंस्टाग्राम पर यशिका गुप्ता के साथ लाइव चौट में भाग ले रहे थे। यहां यशिका ने उनसे पूछा कि अगर उन्हें गायब होने वाली सुपरपावर मिल जाए तो वह गायब होकर कहां जाना चाहेंगे?

हाजिरजवाब चहल ने तुरंत ही कहा, फिलहाल तो मैं सीधा रांची जाना चाहूंगा माही भाई को देखने। जब चहल से यशिका ने कहा कि केवल आप ही उन्हें इंस्टाग्राम पर ला सकते हैं क्योंकि सही मायने में इनविजिबल तो वही हैं।

# ऐंटी सोशल कॉन्टेंट के खिलाफ कोहली की मुहिम, बोले– मतकर फॉरवर्ड


क्रिकेट

## वीडियो से दिया संदेश– एक लापरवाही बेकसूरों के लिए बन सकती हैं जानलेवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ऐंटी सोशल कॉन्टेंट के खिलाफ शुरू हुई मुहिम से जुड़ गए हैं। विराट ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसी चीजे फॉरवर्ड न करें, जो समाज और देश के हित में न हों। ऐसे झूठे और भ्रामक प्रचार किसी वायरस से कम नहीं हैं। कैप्टन कोहली ने कहा कि एक फेक और वाहियाद वीडियो पूरे देश में नफरत फैला सकता है ऐसे में सभी को जागरूक होने की जरूरत है।

31 वर्षीय विराट कोहली ने सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल से डेढ़ मिनट का वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में विराट के अलावा बॉलिवुड की तीन अन्य हस्तियां भी हैं, जो लोगों से ऐसे भ्रामक और वाहियाद कॉन्टेंट को देशहित को रोकने की अपील कर रहे हैं। बॉलिवुड की इन तीन हस्तियों में आयुष्मान खुराना, कृति सेनन और



सारा अली खान शामिल हैं।

विराट ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, श्जब हम देश के लिए खेलते हैं, तब आप पूरे उत्साह के साथ हमें सपॉर्ट करते हैं। लेकिन अब देश को आपकी जरूरत है, मुझे और हम सभी को देश के लिए यह रोल अदा करना है। क्या आप अपने हिस्से का करेंगे?श इसके साथ विराट ने मतकर फॉरवर्ड हैशटैग का प्रयोग किया है।

ऐंटी सोशल कॉन्टेंट के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाली यह मुहिम सोशल मीडिया पर वीडियो प्रमोटिंग साइट टिकटॉक ने शुरू की है। जनहित की इस मुहिम से विराट कोहली और अन्य हस्तियां भी जुड़ी हैं। इस वीडियो में विराट, आयुष्मान, कृति सेनन और सारा अली खान बताते हैं कि किसी कॉन्टेंट को बिना जांचे परखे या बिना सच्चाई जाने अगर गलती से आगे बढ़ा दिया जाए तो उसके कितने गंभीर परिणाम हो सकते है। इन हस्तियों ने लोगों से ऐसा करने से बचने की सलाह दी है।

### 30 हजार खाने के पैकेट जरूरतमंदों को बांटेंगे

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली से जुड़े हुए वन8 कम्यून ने कोविड–19 वायरस के मुश्किल वक्त में 30 हजार खाने के पैकेट पहुंचाने का फैसला किया है। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी साझा की इसमें वह वर्कर्स के साथ खाने के पैकेट तैयार कर रहे हैं। इन पैकेट्स को उन लोगों तक पहुंचाया जाएगा, जो इस मुश्किल वक्त में भोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले विराट और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के उनके साथी खिलाड़ी एबी डि विलियर्स ने आईपीएल 2016 में गुजरात लॉयंस के खिलाफ मुकाबले के दौरान इस्तेमाल किए गए अपने खेल उपकरण नीलामी के लिए रखे थे।

# रैना ने शेयर की बेटे के साथ पहली तस्वीर, घरेलू हिंसा पर जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के सीनियर लेफ्टहैंडर बल्लेबाज सुरेश रैना ने सोमवार को अपने ट्विटर अकाउंट अपनी पूरी फैमली की तस्वीर साझा की है। लॉकडाउन के दिनों में बेटे के पिता बने रैना ने पहली बार फैन्स के साथ उसकी तस्वीर शेयर की है। इस ट्वीट के साथ बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और घरेलू हिंसा पर भी चिंता जताई है। रैना ने इसके साथ–साथ लॉकडाउन के कुछ सकारात्मक पहलुओं को भी उजागर किया है।

आईपीएल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नै सुपरकिंग्स के साथ खेलने वाले



रैना को इन दिनों आईपीएल में बिजी रहना था। लेकिन कोविड–19 के चलते यह टूर्नामेंट अनिश्चितकाल के लिए स्थगित है और रैना समेत आईपीएल के पूरे खिलाड़ी भी आम देशवासियों की तरह खुद को महफूज रखने के लिए घर पर बंद हैं।

रैना ने अपनी पत्नी प्रियंका, बेटी ग्रेसिया और बेटे रॉय के साथ शॉर्ट्स में अपनी यह तस्वीर साझा की। इसके साथ रैना ने लिखा, लॉकडाउन ने हमें अपने परिवार के साथ प्यार और बंधन के कई आयाम समझाए हैं। लेकिन यह पढ़कर बहुत दुख होता है कि वैश्विक रूप से बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और घरेलू हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

मैं उन लोगों से प्रार्थना करता हूं जो भी इस हिंसा को सहन कर रहे हैं प्लीज मदद के लिए जाएं और खुद को बंद मत कीजिए।

## अलग ही अंदाज में टेनिस, ना कोई बॉल गर्ल और ना ही लाइन जर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्पेन। चीन से फैले घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर भारत समेत कई देशों में लॉकडाउन घोषित है और इसका असर खेल जगत पर भी पड़ा है। खिलाड़ी मैदान पर तो नहीं जा पा रहे लेकिन सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ रहे हैं और अलग–अलग तरीकों से अपनी कलाकारी दिखा रहे हैं। इसी बीच टेनिस में भी बिना किसी बॉल गर्ल, लाइन जज और अंपायर के बिना मैच खेला गया। विंबलडन 2015 में स्पेन के दिग्गज राफेल नडाल को हराकर उलटफेर करने वाले डस्टिन ब्राउन मास्क पहनकर टेनिस कोर्ट पर इस प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लेने उतरे, जिसमें स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। कोबलेंज के समीप होहरग्रेनजायूसेन में छोटे से शहर में बेस टेनिस अकेडमी में आठ खिलाड़ियों का एक प्रदर्शनी मैच आयोजित किया गया। इस मैच में कोई दर्शक मौजूद नहीं था, कोई 'बॉल बॉय या गर्ल' नहीं थे, कोई लाइन जज नहीं था। महज एक चेयर अंपायर था। मैच के दौरान हाथ मिलाने पर पांबदी थी।

## न्यूज डायरी



### स्पॉट फिक्सिंग में मैं न तो पहला खिलाड़ी न आखिरीः मोहम्मद आसिफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैच फिक्सिंग के जुर्म में प्रतिबंध की सजा काट रहे पाकिस्तान के कलंकित तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ ने कहा है कि स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने वाले न तो पहले खिलाड़ी हैं और न ही आखिरी। लिहाजा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (च्ब्ठ) को उनके साथ बेहतर बर्ताव करके दूसरों की तरह एक मौका और देना चाहिए था। आसिफ पर पाकिस्तान टीम के 2010 के इंग्लैंड दौरे पर स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों के कारण सात साल का प्रतिबंध लगाया गया था । वह ब्रिटेन में जेल में भी रहा। आसिफ ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, श्हर कोई गलती करता है और मैने भी की। मुझसे पहले और बाद में भी लोगों ने फिक्सिंग की लेकिन मुझसे पहले करने वाले पीसीबी के साथ काम कर रहे हैं और मेरे बाद वाले अभी भी खेल रहे हैं।

### 57 की उम्र में भी जिम में पसीना बहा रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को क्रिकेट छोड़े भले 20 साल हो गए हैं लेकिन फिटनेस के प्रति अजहर का जुनून आज भी कम नहीं हुआ है। अजहर नियमित रूप से अपने निजी जिम में जाकर रोजाना कसरत करते हैं। रविवार को इस पूर्व कप्तान ने अपने जिम सेशन का एक वीडियो ट्वीट कर अपने फैन्स को भी एक्सरसाइज करने के लिए प्रेरित किया है। 57 वर्षीय अजहर ने 1 मिनट 15 सेकंड का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, श्एक घंटे का वर्कआउट हमारे पूरे दिन का सिर्फ 4 फीसदी ही है। कोई बहाना न बनाएं। इस वीडियो में अजहर डंबर, रॉड, प्लेट्स से बॉडी के अलग–अलग एरिया के लिए जरूरी वर्क आउट कर रहे हैं। उन्होंने कोर एरिया से लेकर बाइसेप्स, शॉल्डर, थाई और विंग्स की एक्सरसाइज का प्रदर्शन किया है। अजहर इन दिनों हैदराबाद क्रिकेट असोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने मदद के लिए 20 लाख रुपये जुटाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम ने कोविड–19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए 20 लाख रुपये की राशि जुटाई है। भारतीय टीम ने 18 दिन के 'फिटनेस चौलेंज' के जरिए यह पैसा जुटाया है जो तीन मई को खत्म हुआ। इस चुनौती के जरिए कुल 20,01,130 रुपये जमा किए गए। यह पैसा दिल्ली स्थित एनजीओ उदय फाउंडेशन को दान किया गया है। इस पैसे का इस्तेमाल विभिन्न स्थानों पर मरीजों, प्रवासी श्रमिकों और झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वालों की मूलभूत जरूरतों पर खर्च किया जाएगा। भारतीय कप्तान रानी रामपाल ने कहा, 'हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली। लोगों, विशेषकर भारतीय हॉकी प्रेमियों ने दुनिया भर से इस चौलेंज में हिस्सा लिया और योगदान दिया।' उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम की ओर से मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने गरीबों की मदद की इस पहल में हिस्सा लिया।'

### कोविड–19 के कारण पाकिस्तान में धीमी मौत मर सकती है हॉकीः पीएचएफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव आसिफ बाजवा ने कहा कि पहले ही वित्तीय समस्याओं से जूझ रही पाकिस्तानी हॉकी के लिए कोरोना वायरस महामारी ने स्थिति और नाजुक बना दी है और इससे देश का यह राष्ट्रीय खेल धीमी मौत मर सकता है। पाकिस्तान ने ओलिंपिक में तीन गोल्ड और चार बार वर्ल्ड कप जीता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में टीम का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा जिसके कारण उसे प्रायोजक नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तानी हॉकी को अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में कोविड–19 महामारी ने उसकी स्थिति और बदतर कर दी है। बाजवा ने शनिवार को कहा, 'कोरोना वायरस महामारी का हॉकी पर बेहद नकारात्मक असर पड़ रहा है। पहले ही पीएचएफ और यह खेल देश में वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे थे और अब स्थिति बदतर हो गई है।' उन्होंने कहा कि महामारी के कारण कई खिलाड़ी बेरोजगार हो गए हैं।